## एक नजर में

### दिशा हिवरालें सेकंड प्राइस लेकर सोशल मीडिया स्टार राउंड की रनर अप




**मूंदी ।** वॉइस ऑफ़ सेंट्रल इंडिया सीजन 3 जो कि इंदौर में आयोजित हुआ था जिसमें रेवोतमा इंटरनेशनल स्कूल मून्दी की दिशा हिवरालें सेकंड प्राइस लेकर सोशल मीडिया स्टार राउंड की रनर अप रहीं। इस प्रतियोगिता में 1500 से ज्यादा पार्टिसिपेंट शामिल थे जिन्होंने भाग लिया था जिसमें राजस्थान छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश उत्तराखंड, बिहार, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों से प्रतिभागी शामिल थे। जिसमें दिशा हिवराले द्वितीय पुरस्कार से सम्मनित हुईं। इस अवसर पर संगीत शिक्षक योगेश महाजन और प्राचार्य भूपेन्द्र सिंह पंवार ने शुभकामनाएं दी ।

### मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव जिला प्रभारी उबैद उल्ला पहुंचे खंडवा




**खण्डवा।** मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव उबैद उल्ला का प्रभार क्षेत्र जिला खण्डवा में प्रथम दौरा कार्यक्रम के तहत बुधवार को खंडवा पहुचकर गांधी भवन में बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जिला प्रभारी उबैद उल्ला ज़िला युवा कांग्रेस कार्यकारिणी जिला स्तरीय बैठक एवं नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्षगण व समस्त निर्वाचित पदाधिकारीयो से वन टू वन चर्चा कर मार्गदर्शन दिया एवं संगठन को मजबूत करने को लेकर मार्गदर्शन दिया। उबैद उल्ला ने खण्डवा में चलो पंचायत-वार्ड कार्यक्रम के अंतर्गत जिला युवा कांग्रेस खण्डवा के समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य संगठन को एक-एक वार्ड एवं पंचायत स्तर तक मजबूत करते हुए आमजन से सीधा संवाद स्थापित करना है और युवा कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना है। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी,युवा कांग्रेस खण्डवा जिला अध्यक्ष अनिल जाधव ने भी उपस्थित युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर संगठन विस्तार को लेकर टिप्स दिए। इस अवसर पर प्रियेश चौकडे,इम्तियाज खान,शहजाद पवार,सागर पवार,आदित्यराज गोड, निखलेश पालवी,मोहम्मद शोहब, मोन्टी पवार,जय पटेल,पलाश जैन पंधाना,राजू गुर्जर,ऋषिराज डोडियार,विजय तोमर,हेमंत राठौड सहित अन्य युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

### सद्भावना मंच ने किसान दिवस मनाया




**खंडवा।** सद्भावना मंच ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर किसान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। मंच सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि मंच कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में किसानों के अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत से ही देश का हर नागरिक अन्न प्राप्त करता है। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि किसान का सम्मान ही देश का सम्मान है और किसानों के सशक्तिकरण से ही भारत का समग्र विकास संभव है।सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन,पूर्व डीएसपी आनंद तोमर,गणेश भावसार,डॉ जगदीश चंद्र चौरे,डॉ एम एम कुरैशी,देवेंद्र जैन,सुरेन्द्र गीते,ओम पिल्ले,राधेश्याम शाक्य,अर्जुन बुंदेला,ललित चौरे,अर्जुन बुंदेला,राधेश्याम शाक्य,कमल नागपाल,एम एम कुरैशी,योगेश गुजराती,अशोक पारवानी और विजया द्विवेदी योगेश गदले,सुभाष मीणा, कैलाश पटेल आदि उपस्थित रहे।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने सुशासन संबंधी शपथ ली



**खण्डवा ।,** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। बुधवार को सुशासन दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को अपर कलेक्टर के.आर. बड़ोले ने सुशासन दिवस सम्बंधी शपथ दिलाई।

### गृह विभाग ने अय्यूब को एनएसए के तहत निरूद्ध रखने की अवधि बढ़ाई

**खण्डवा।** राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के अन्तर्गत अय्यूब पिता इस्माईल अली निवासी खण्डवा वर्तमान में केन्द्रीय जेल ग्वालियर में निरूद्ध है। गृह विभाग म.प्र. शासन भोपाल द्वारा अय्यूब की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से इसकी निरोध अवधि आगामी 3 माह अर्थात 25 मार्च 2026 तक के लिए बढ़ाने के आदेश जारी किए हैं।

### पंचायत उप निर्वाचन के लिए प्रशिक्षण

**खण्डवा ।** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार ग्राम पंचायत सोनूद के रिक्त सरपंच पद एवं पंच के 33 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद के लिए मतगणना, सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 29 दिसंबर को मतदान समाप्ति के तुरंत बाद होगी। बुधवार को खंडवा कलेक्ट्रेट में इस उप निर्वाचन के सम्बंध में नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों को उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश सावले एवं अन्य मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# लामबंद सफाईकर्मियों के हित में बड़े फैसले

नवभारत न्यूज

**खंडवा। नगर निगम में व्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले सफाई कर्मचारी अचानक नाराज हो गए। निगम के झोनल कार्यालय में कड़कती ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। नारेबाजी और नाराजगी के पहले ही निगम आयुक्त प्रियंका राजावत और उपयुक्त आरसी सिटोले भी पहुंचे।**

कर्मचारी को नगर निगम सभाकक्ष में बुलाकर सम्मान के साथ बैठाकर एक-एक मांग पर की जा रही कार्रवाई की सफाई भी दी। अधिकारियों ने समय पर वेतन और नई भर्ती के साथ प्रमोशन जैसे मुख्य मसलों पर स्पष्ट रूप से समझाया कि सारी कार्रवाई भोपाल स्तर पर भेज दी गई है। चुंगी छतिपूर्ति देर से आने के कारण वेतन में देरी हो जाती है। ऐसे कई मसलों पर कर्मचारियों को समझाया गया कि वे मान गए।

निगम में कार्यरत सफाईकर्मियों के रिक्त पदों पर विनियमित कर्मियों को नियमित करने तथा मस्टर कर्मियों के रिक्त पदों पर विनियमितीकरण मुख्य मुद्दा था। इस पर नगर निगम भोपाल शासन से कार्रवाई की प्रक्रिया कर रही हैं।



### सीनियरिटी के हिसाब से होगा नियमितिकरण

निगम आयुक्त ने कर्मचारियों को बताया कि शासन निर्देशानुसार प्रतिवर्ष 10व्र कर्मचारियों को वर्ष 2017 से 2025 तक स्थायी करने का विषय है। इस पर अवगत कराया गया कि 139 स्वीकृत पदों के विरुद्ध वर्तमान में 235 सफाई संरक्षक कार्यरत हैं। जनसंख्या के अनुरूप पदों की संख्या में वृद्धि हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया जाएगा तथा उपलब्धता होने पर वरिष्ठता क्रम में नियमितीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

### चुंगी क्षतिपूर्ति देर से आने पर वेतन में होती है देरी

कर्मचारियों ने प्रत्येक माह 1 से 5 तारीख तक वेतन भुगतान का विषय रखा। आयुक्त ने बताया कि चुंगी क्षतिपूर्ति राशि माह के अंत में प्राप्त होती है, जिसके कारण जिन कर्मचारियों का वेतन 30,000 से कम है उनका भुगतान उपलब्ध राशि से किया जा चुका है।

शेष कर्मचारियों का वेतन चुंगी क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त होते ही 3-4 दिनों में कर दिया जाएगा तथा आगामी माह से 1 से 10 तारीख के बीच वेतन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया।

### यह मुद्दे भी उठाए

इसके अलावा समयमान एवं वेतनमान के लाभ पर भी स्वीकृत हुई है। जीएफ पेंशन एवं एरियर प्रकरणों का निदान किया जाएगा। सेवानिवृत कर्मचारी के आश्रितों को काम पर रखने का भी कर्मचारियों ने अनुरोध किया है। शिक्षित सफाई कर्मियों को योग्यता अनुरूप कार्य करने के संबंध में उन्हें दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कहा है। आवासीय क्वार्टर और अन्य मसलों पर भी चर्चा हुई।

### एकमुश्त एनपीएस बकाया राशी जल्द देंगे

चौथी मांग के अंतर्गत लगभग 10-12 करोड़ एनपीएस बकाया राशि कर्मचारियों के खातों में जमा करने का विषय रखा गया। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में एनपीएस नियमित कर दिया गया है और हर माह राशि जमा हो रही है। पुरानी बड़ी बकाया राशि को कमर्शियल कॉम्प्लेक्स से आय प्राप्त होने के बाद एकमुश्त क्लियर करने की योजना है।

### महंगाई भत्ता एरियर भी मिलेगा

पांचवीं मांग में 3% एवं 5% महंगाई भत्ता एरियर भुगतान का विषय रखा गया। इस पर बताया गया कि 3% एरियर का 50% भुगतान तथा 5% एरियर का 100% भुगतान किया जा चुका है। शेष राशि उपलब्धता होते ही जारी की जाएगी।

# गौसेवा सर्वोत्तम सेवा' का दिया सशक्त संदेश

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** सतत मानव सेवा के साथ भारतीय संस्कृति की मूल भावना को आत्मसात करते हुए लायन्स क्लब खण्डवा आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान व लियो क्लब खण्डवा द्वारा प्रति सप्ताह व विशेष अवसरों पर गौसेवा जैसे पुण्य कार्य किए जाते रहे हैं।इसी क्रम में मंगलवार को गणेश गौशाला में श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ गौसेवा का आयोजन किया गया।

### लियो,लायन्स व आदर्श योग संस्था ने की गौसेवा

कार्यक्रम संयोजक नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि लायन्स क्लब खण्डवा के अध्यक्ष लायन आशा उपाध्याय, उपाध्यक्ष घनश्याम वाधवा, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़, आदर्श योग के अध्यक्ष दिलीप जैन, सचिव नारायण बाहेती कोषाध्यक्ष दामोदर गर्ग तथा लियो क्लब खण्डवा के अध्यक्ष सुमित परिहार, सचिव अभिषु शर्मा एवं कोषाध्यक्ष केतन वर्मा के नेतृत्व में गौशाला में गायों को विशेष रूप से तैयार की गई लप्सी, चापड़ एवं पौष्टिक खाध्य सामग्री खिलाई गई। इस अवसर पर विधिवत गौ पूजन कर 108 गायों की परिक्रमा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नारायण बाहेती ने कहा कि गौसेवा सर्वोत्तम सेवा है। हमारे शास्त्रों एवं पुराणों में गौ को माता का स्थान दिया गया है। गौसेवा से न केवल पुण्य की प्राप्ति होती है, बल्कि समाज में करुणा, संवेदना और संस्कारों का भी संवर्धन होता है।



कार्यक्रम में उमाशंकर उपाध्याय, घनश्याम वाधवा, अपूर्व उपाध्याय, आशा उपाध्याय, नारायण बाहेती सहित क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने गौसेवा को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# निगम का 'फायर-प्लान', नहीं माने तो 5 सौ रुपए रोज जुर्माना

नवभारत न्यूज

**खंडवा। नगर निगम अब शहर को 'फायर-प्लान' नए साल के पहले शहर को देने वाली है। इसके लिए सख्त नियम बनाए हैं। 31 दिसंबर तक 15 मीटर ऊंची बिल्डिंग्स को फायर सेफ्टी के नियम पालन करने होंगे। ऐसा नहीं हुआ तो 500 रुपए प्रतिदिन जुर्माना ठोंका जाएगा।**

यह बात अलग है कि निगम कई बार ऐसे प्लान बनती है, और उन पर फॉलो अप नहीं करती। तलघर के मामले में यही हुआ। व्यापारी महापौर के पास पहुंच गए और मामला टाल दिया गया। आज तक इस पर कार्रवाई नहीं हुई। सवाल शहर की जनता की सेफ्टी का है. पार्किंग पर भी ऐसे ही सख्ती बरती गई थी, जो बाद में शून्य हो गई।

### जरूरी भी है आग से सुरक्षा

फायर नियमावली शहर हित के लिए जरूरी भी है। शहर का आकर और जनघनत्व बढ़ता जा रहा है। खंडवा अब छोटा नहीं रहा। फायर ब्रिगेड निकल जाए। वह बड़ी इमारत तक पहुंच जाए। उनमें लगे लाल पाइप पर नोजल कस दें और आज उपरी मंजिल पर भी आग बुझाई जा सके। ऐसे इंतजाम जरूरी हैं।




### 31 दिसंबर आखरी म्याद

मध्य प्रदेश शासन द्वारा पूर्व में दी गई छूट के अंतर्गत फायर प्लान अनुमोदन न कराने पर लगने वाले जुर्माने कीज की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। सभी संबंधित भवन स्वामियों/संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे इस तिथि से पूर्व अनिवार्य रूप से फायर प्लान अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

### 10 साल पहले ही बना था कानून

हालांकि नगर निगम का यह प्रयास अच्छा भी है। निगम यदि शहर को व्यवस्थित करती है। गलती करने वाले व्यापारियों, भवन संचालकों, अस्पतालों से राशि वसूलती हैं, तो इसे शहर हित में लगाया जाएगा। आम लोगों की सुविधा भी बढ़ेगी ।ऐसा कानून 10 साल पहले ही बन जाना चाहिए था। शहर स्मार्ट सिटी के दायरे में आ सकता है। महापौर के यह प्रयास यदि ईमानदारी से शहर में लागू हो गए, तो आने वाले 2026 की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।

### बड़े भवनों को नोटिस दिया

नगर निगम ने होटल, अस्पताल, उद्योग, स्कूल, कॉलेज, मैरिज गार्डन सहित अन्य संबंधित भवनों के स्वामियों एवं संचालकों को फायर प्लान अनुमोदन कराने हेतु सूचना पत्र वितरित किए गए। इस दौरान भवन संचालकों को नियमों, प्रक्रिया एवं समय-सीमा की विस्तृत जानकारी दी गई।

### नहीं माने तो 500 रुपए रोज जुर्माना

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि 31 दिसंबर 2025 के बाद फायर प्लान अनुमोदन न कराने पर 500 रुपए प्रतिदिन का जुर्माना किया जाएगा। यदि एक वर्ष तक भी फायर प्लान अनुमोदन नहीं कराया गया, तो यह जुर्माना बढ़कर 1000 रुपए प्रतिदिन कर दिया जाएगा। यह दंडात्मक प्रावधान नागरिकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सख्ती से लागू किया जाएगा।

### शहरवाले नियम पहचानें

नगर निगम द्वारा जारी सूचना के अनुसार निम्न श्रेणी के भवनों में फायर प्लान अनुमोदन अनिवार्य है। इसमें 15 मीटर से अधिक ऊँचाई वाले समस्त भवन, एक तल पर 500 वर्गमीटर से अधिक निर्मित क्षेत्रफल वाले समस्त भवन (आवासीय एवं धार्मिक/सामुदायिक भवनों को छोड़कर), ऐसे होटल अथवा अस्पताल जिनमें 50 से अधिक पलंग/बिस्तर उपलब्ध हों।

# कंगना रनौत ओंकारेश्वर पहुंचीं सीएमके बेटे बहु भी नर्मदा परिक्रमा पर





### सीएम के बेटे बहू भी पहुंचे ओंकारजी

मुख्यमंत्री मोहन यादव के नवविवाहित पुत्र अभिमन्यु व पत्नी इशिता ओंकारेश्वर पहुंचे हैं। ओंकारेश्वर के ब्रह्मपुरी घाट पर डॉ अभिमन्यु एवं उनकी पत्नी डॉ. इशिता ने माँ नर्मदा की परिक्रमा का संकल्प लिया। परिक्रमा आरंभ करने से पूर्व दोनों ने संत विवेक गुरुजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों ने दर्शन करके विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद दोनों ने परिवारजनों के साथ भगवान के दर्शन करके पूजा-अर्चना की।

नवभारत न्यूज

**खंडवा। नर्मदा परिक्रमा और तीर्थनगरी ओंकारेश्वर दर्शन के लिए सेलिब्रिटी तेजी से आ रहे रहे हैं। अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत ने ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर के दर्शन बुधवार को किए। मुख्यमंत्री मोहन यादव के पुत्र और पुत्रवधू ने भी ओंकारेश्वर आकर नर्मदा परिक्रमा की शुरुआत की।**

अभिनेत्री एवं हिमाचल की मंडी लोकसभा से क्ष्छ्क्क सांसद कंगना रनौत हेलीकॉप्टर से ओंकारेश्वर पहुँचीं। उन्होंने मां नर्मदा के पावन तट पर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

मंदिर परिसर पहुँचने पर ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक ट्रस्टी राजा राव पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा उनका स्वागत किया गया। दर्शन के दौरान कंगना रनौत ने भगवान ओंकारेश्वर का अभिषेक कर देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। कंगना रनौत ने कहा कि नर्मदा नदी के तट पर ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन कर उनका मन अत्यंत पावन और शांत हो गया है।

उन्होंने ओंकारेश्वर की दिव्यता, आध्यात्मिक वातावरण और व्यवस्थाओं की सराहना की। कंगना रनौत के आगमन को लेकर मंदिर परिसर एवं आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दर्शनों के दौरान श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। इससे पहले हेलीपैड पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया।

**निरीक्षण** मियावाकी पद्धति से किए गए पौधरोपण एवं वाटरशेड सम्बंधी कार्यों को देखा

# रोशनी,पटाल्दा एवं झिरपा ग्रामों का किया दौरा

नवभारत न्यूज

**खालवा । कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बुधवार को खालवा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया। सुशासन सप्ताह के दौरान "प्रशासन गांव की ओर" अभियान के तहत आयोजित इस दौरे में कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्रामीण क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों का जायजा लिया।**

उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा उनके साथ थे।

उन्होंने ग्राम पटाल्दा के पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा मियावाकी पद्धति से किए गए पौधरोपण एवं वाटरशेड सम्बंधी कार्यों को देखा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्राम रोशनी में गौशाला का भी निरीक्षण किया तथा जनपद खालवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं पंचायत सचिव को आवश्यक निर्देश दिए।

### स्कूल के निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बुधवार को ग्राम झिरपा,रोशनी और पटाल्दा ग्रामों का दौरा किया। ग्राम झिरपा में स्कूल के निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाई गईं,जिस पर वहां के संकुल समन्वयक के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर श्री गुप्ता ने दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने भ्रमण के दौरान झिरपा में स्कूल के साथ साथ पंचायत कार्यालय,आंगनवाड़ी और गौशाला का भी निरीक्षण किया।





# "प्रोटेक्ट टूडे सेक्योर टूमॉरो" अभियान के तहत रैली आयोजित



नवभारत न्यूज

**खण्डवा ।** शीत ऋतु में पर्यावरण प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए "प्रोटेक्ट टूडे सेक्योर टूमॉरो" अभियान के तहत बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खण्डवा द्वारा यातायात पुलिस, जिला खंडवा के समन्वय से पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली को विशेष न्यायाधीश उत्सव चतुर्वेदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पियूष भावे ने बताया कि यह जागरूकता रैली जिला न्यायालय परिसर खंडवा से प्रारभ होकर पुराना बस स्टैंड, कंट्रोल रूम के सामने से होते हुए भगत सिंह चौक होते हुए अभिषेक सिनेमा से धरमकांटा होकर भैरव तालाब मंदिर से जिला चिकित्सालय, घंटाघर, बाम्बे बाजार होते हुए जिला न्यायालय परिसर में सम्पन्न हुई।

इस दौरान जिला न्यायाधीश अरविंद सिंह टेकाम और आशीष प्रताप सिंह के साथ-साथ पैरालीगल वालेन्टियर्स एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा के कर्मचारीगण भी मौजूद थे।